अंगूठे के नाप
का टॉम

अंगूठे के नाप का टॉम

हमें एक छोटा लड़का चाहिए.
उससे हमारा मन बहलेगा.
एक छोटा लड़का
हमें कहाँ मिलेगा?

ज़रा इधर देखो!
ज़रा उधर देखो!
देखो! यह रहा एक छोटा
प्यारा सा लड़का.
अरे भगवान।
ऐसे लड़के की तो मुझे चाह थी.
मुझे लड़का बहुत पसंद आया.
6
7

माँ, माँ!
ढूंढो! मैं कहाँ हूँ.
जल्दी से आओ,
माँ! मेरी मदद करो!

अरे बाप रे!
तुम वहां कैसे गिरे?
चलो जल्दी
से बाहर निकलो.
चलो यह कप ठीक है.
अब देखती हूँ
कि यहाँ तुम क्या करते हो.

चलो अब मेरे साथ चलो.
हम बाहर जायेंगे.
हम बहुत दूर पैदल चलेंगे.
अरे ज़रा इधर देखो,
यह कितनी बड़ी गाय है.
अरे मुझे बचाओ!
माँ! मुझे जल्दी बचाओ!
नहीं तो मैं गाय में मुंह
में चला जाऊँगा!

चलो अच्छा हुआ.
तुम बाल-बाल बच गए.
अब तुम मेरे पास सुरक्षित हो.

माँ, मैं तुम्हारे साथ नहीं हूँ.
मैं यहाँ ऊपर हूँ.
ऊपर! ऊपर!

अब मैं नीचे गिर रहा हूँ.
नीचे! नीचे! और नीचे!
बताओ मैं क्या करूं?
मेरी मदद करो! जल्दी!
कोई मुझे खाने आ रहा है.
मैं यहाँ से चला!
19

अब मैं यहाँ हूँ.
पर भला यह क्या है?
मैं कहाँ हूँ?

अरे देखो, वो रहा
एक छोटा सा लड़का.
मुझे वो लड़का चाहिए.
देखो यह तुम्हारे लिए है.
तुम उसके ऊपर बैठ जाओ.
तुम मेरे पास बैठो.
मैं तुम्हें पसंद करता हूँ.

मुझे सवारी करना पसंद है.
सवारी में मुझे मज़ा आता है.
फिर तुम्हें चूहे की सवारी में
बड़ा मज़ा आएगा.

सवारी में मुझे बड़ा मज़ा आया.
मैं बार-बार सवारी करूंगा.
मैं पूरे दिन सवारी करूंगा.
26
पर अब मैं जाना चाहता हूँ.
मैं अपने माता-पिता के पास
जाना चाहता हूँ.

मोहर अच्छी तो है.
पर वो बहुत बड़ी है.
उसे उठाने में मुझे बहुत
मेहनत करनी पड़ेगी.
यह मोहर लो. यह तुम्हारे लिए है.
इससे तुम कुछ खरीद सकते हो.
इसे तुम अपने साथ लेते जाओ.
29

समाप्त